Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 08-08-2005

Participants : Baghel Prof. S.P. Singh

>

Title : h Need to grant mini-AIIMs status to Sarojini Naidu Medical College, Agra, Uttar Pradesh

प्रो. एस.पी.सिंह बघेल (जलेसर) : अध्यक्ष महोदय, भारत सरकार द्वारा 8 राज्यों में राजकीय मेडिकल कॉलेजों को मिनी एम्स का दर्जा देने का निर्णय लिया गया है। इस संदर्भ में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा एस.एन. मेडिकल कालेज, आगरा को मिनी एम्स का दर्जा देने की सिफारिश केन्द्र सरकार को लिखित में की गयी है। महोदय, आगरा, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश एवं राजस्थान का केन्द्र बिन्दु है। यहां आगरा, एटा, फिरोजाबाद, हाथरस, मथुरा, अलीगढ़, इटावा, झांसी, बांदा, ललितपुर आदि जिले तथा मध्य प्रदेश के भिण्ड, मुरैना, ग्वालियर, शिवपुरी, दतिया तथा राजस्थान के भरतपुर, धौलपुर आदि जिलों के मरीज इलाज कराने मिनी एम्स में आयेंगे। आगरा का एस.एन. मेडिकल कालेज उत्तर प्रदेश का प्रतिठित मेडिकल कालेज है। पूरे विश्व का पर्यटक आगरा ताजमहल देखने आता हे। अतः वहां उच्च स्तरीय एंव विश्व स्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध होनी चाहिए।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि कृपया एस.एन. मेडिकल कालेज (सरोजनी नायडू मेडिकल कालेज) आगरा को मिनी एम्स का दर्जा देने का कट करें।